# जब परछाई ने भी छोड़ दिया साथ, विद्यार्थियों ने देखा साल के सबसे बड़े दिन का अद्भुत नजारा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** प्रकृति के रहस्यों और ब्रह्मांड की अद्भुत घटनाओं को साक्षात अनुभव करने का एक दुर्लभ अवसर शहर के विद्यार्थियों को मिला। वर्ष के सबसे बड़े दिन यानी 21 जून पर, स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल ज्योति नगर में एक ऐसा वैज्ञानिक चमत्कार देखने को मिला जब कुछ पलों के लिए धूप में खड़ी चीजों और इंसानों की परछाई ने भी उनका साथ छोड़ दिया। इस जीरो शैडो (शून्य छाया) की घटना को अपनी आंखों के सामने घटित होते देख बच्चे रोमांचित हो उठे। रविवार को हुई इस अनूठी खगोलीय घटना के पीछे के विज्ञान को समझाते हुए विद्यालय के खगोल प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि पृथ्वी लगातार सूर्य के चारों ओर परिभ्रमण करती है। इसी प्रक्रिया में 21 जून को सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में कर्क रेखा पर बिल्कुल लंबवत (सीधी) गिरती हैं। यह स्थिति लगभग 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर बनती है। यही कारण है कि 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होता है, जिसकी अवधि करीब 13 घंटे 30 मिनट होती है और रात सिमट कर मात्र 10 घंटे 30 मिनट की रह जाती है। इस दिन के बाद से सूर्य का दक्षिणायन शुरू हो जाता है, जिससे दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगते हैं और अंततः 23 सितंबर को दिन और रात की अवधि बिलकुल बराबर हो जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि परछाई के अचानक गायब हो जाने की यह घटना दुनिया में हर जगह नहीं देखी जा सकती। शाजापुर नगर भौगोलिक रूप से कर्क रेखा के बेहद नजदीक स्थित है, इसलिए यहां यह खगोलीय घटना इतनी स्पष्टता से दिखाई देती है। दोपहर ठीक 12 बजकर 28 मिनट पर वह अद्भुत पल आया जब सूर्य की किरणें एकदम सीधी पड़ीं और कुछ लम्हों के लिए परछाई पूरी तरह से विलुप्त हो गई। इस रोमांचक नजारे को देखने के बाद बच्चों के मन में कई वैज्ञानिक सवाल उठे, जिनका खगोल प्रभारी ने सरलता से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। आयोजन के दौरान यह भी बताया गया कि यूं तो साल में 365 दिन होते हैं, लेकिन खगोलीय दृष्टि से चार दिन 21 मार्च, 21 जून, 23 सितंबर और 22 दिसंबर बेहद खास अहमियत रखते हैं। विज्ञान और प्रकृति के इस अनूठे संगम के साक्षी बने इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रेणुका परमार सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खास-खबरें

### कलेक्टर की संवेदनशील पहल से 7 बच्चों को मिला सुरक्षित भविष्य



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा :** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप 7 जोखिमग्रस्त बच्चों को भिक्षावृत्ति एवं कचरा-पन्नी बीनने जैसी परिस्थितियों से मुक्त कर सुरक्षित संरक्षण उपलब्ध कराया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में अभियान चलाकर 4 बच्चों को भिक्षावृत्ति करते हुए चिन्हित किया गया, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान कलेक्टर द्वारा डंडापुरा क्षेत्र में 3 बच्चों को कचरा-पन्नी बीनते हुए देखा गया। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा को दी। सूचना प्राप्त होते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम को मौके पर भेजा गया और तीनों बच्चों को भी सुरक्षित रेस्क्यू कराया गया। इस प्रकार कुल 7 बच्चों को संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति एवं सदस्यों श्रीमती सुनीता दांगी, श्रीमती लक्ष्मी शर्मा, चंद्रभान सिंह बघेल तथा दीवान सिंह मीना ने बच्चों से आत्मीय चर्चा कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा शिक्षा एवं सुरक्षित जीवन के महत्व से अवगत कराया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेंट एसआरएस स्कूल में हुआ सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, प्राथमिक विभाग प्रभारी प्रीति माथुर, एनएसएस बालक इकाई प्रभारी के.पी. सिंह चौहान तथा खेल अधिकारी कपिल गौंड उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षित छात्र गुरु प्रताप सिंह रघुवंशी एवं छात्रा महिमा राजपूत ने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के.पी. सिंह चौहान ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान बना रहता है। कार्यक्रम के अंत में सुपार्श जैन ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### नीट परीक्षा केंद्रों का कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 के आयोजन के दौरान रविवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शासकीय उत्कृष्ट माधव नगर विद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के बाहर मौजूद अभिभावकों से चर्चा कर प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं की जानकारी ली और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिले में नीट परीक्षा के लिए आठ केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 4,171 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन और पुलिस की विशेष टीम तैनात की गई है तथा प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा निःशुल्क अन्नक्षेत्र के माध्यम से स्वल्पाहार, चाय, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था की गई। अधिकारियों ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों और अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी केंद्रों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर जलपान एवं अल्पाहार वितरण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# जनकल्याण शिविर में केंद्रीय मंत्री चौहान ने सुनीं जनता की समस्याएँ

## एक ही मंच पर सैकड़ों आवेदनों का निराकरण, हितग्राहियों को मिले योजनाओं के लाभ और स्वीकृतियाँ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** मध्य प्रदेश शासन के विशेष लोक कल्याण अभियान के तहत रविवार को भैरूंदा विकासखंड में आयोजित जनकल्याण शिविर जनसमस्याओं के समाधान का बड़ा मंच बनकर सामने आया। शिविर में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनके निराकरण के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई की।अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए और निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरित किए गए। साथ ही वन ग्रामों के विकास को गति देने के उद्देश्य से पांच समितियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि 5 जून से शुरू हुए विशेष लोक कल्याण अभियान का समापन 21 जून को हुआ। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनकल्याण शिविर आयोजित कर हजारों लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ा गया।

ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी से उन्हें काफी सुविधा मिली और उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया सरल हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रशासन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है : राजस्व मंत्री वर्मा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया। योग कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शामिल हुए और योग किया। कार्यक्रम में कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है और योग निरोगी काया का आधार है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ एवं सुदृढ़ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम है।

राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया।

योग कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना, डीएफओ अर्चना पटेल, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी एवं नागरिक भी शामिल हुए और सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।

# स्वास्थ्य मंत्री पटेल के जन्मदिवस पर एनएच-45 स्ट्रीट लाइट परियोजना का शुभारंभ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** नगर परिषद बरेली ने नगर विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-45 (एनएच-45) पर लगभग छह किलोमीटर लंबाई में स्थापित अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइट परियोजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर किया, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा 'भैयां' चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री का जन्मदिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

गौरतलब है कि एनएच-45 पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से लंबे समय से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सामाजिक संगठन टीम पहल बरेली, स्थानीय नागरिकों और पत्रकारों द्वारा लगातार इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग उठाई जा रही थी।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा चौधरी के प्रयासों से स्थापित की गई इन आधुनिक स्ट्रीट लाइटों से अब रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुरक्षित होगा। साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी और नगर की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि बरेली नगर निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नगर परिषद द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नागरिक सुविधाओं का विस्तार और आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकता है।

# कृषि महाविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित

**गंजबासौदा।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि महाविद्यालय में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकों और उसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, उत्पादन लागत में कमी, भूमि की उर्वरता बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक संसाधनों के उपयोग और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों से खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और समाधान पर संवाद किया।

# प्रेम प्रसंग के विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या, पत्नी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में शनिवार को प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया। बैंक के बाहर हुए विवाद में 28 वर्षीय बबलू मालवीय की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, बबलू मालवीय निवासी थूना कला की पत्नी विद्या मालवीय कुछ दिन पहले बारवाखेड़ी निवासी एक युवक के साथ चली गई थी। बबलू अपनी कमाई का पैसा पत्नी के बैंक खाते में जमा करता था। शनिवार को उसे जानकारी मिली कि उसकी पत्नी बैंक से खाते में जमा राशि निकालने पहुंची है। इस पर वह अपने मामा के साथ बैंक पहुंच गया।

बैंक में पैसे निकालने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ने पर बैंक प्रबंधन ने सभी को बाहर जाने के लिए कहा। आरोप है कि बैंक के बाहर भी कहासुनी जारी रही, इसी दौरान विद्या के साथ आए धर्मेंद्र और रितेश ने बबलू से विवाद किया। विवाद बढ़ने पर धर्मेंद्र ने धारदार चाकू से बबलू के पेट पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बबलू को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर मुख्य आरोपी धर्मेंद्र मालवीय, विद्या मालवीय तथा रितेश माली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इधर, आरोपियों को कोतवाली थाना लाए जाने पर मृतक के परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। उन्होंने आरोपियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की कोशिश की। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर आरोपियों को सुरक्षित हवालात में पहुंचाया।

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में घटना का कारण प्रेम प्रसंग और बैंक खाते से पैसे निकालने को लेकर हुआ विवाद सामने आया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंदसौर में उमड़ा जनसैलाब 5000 लोगों ने किया सामूहिक योग व ध्यान




**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नूतन स्टेडियम में अर्हं ध्यान योग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 5000 लोगों ने सहभागिता कर योग, ध्यान और आत्मिक जागरण का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में अर्हं श्री ने उपस्थित जनसमूह को योग एवं ध्यान की विशेष साधनाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने पंच नमस्कार मुद्रा का अभ्यास करवाते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। हजारों लोगों ने एक साथ इस साधना में भाग लेकर सकारात्मक ऊर्जा और आंतरिक शांति का अनुभव किया।

मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने नियमित योग और ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए पंच नमस्कार मुद्रा से प्राप्त अपने अनुभव भी साझा किए।

कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण क्षण सामूहिक ध्यान सत्र रहा। अर्हं श्री के मार्गदर्शन में हजारों लोगों ने एक साथ ध्यान किया, जिससे पूरे स्टेडियम में शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हो गया। प्रतिभागियों ने इसे अविस्मरणीय अनुभव बताया।

आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम और जीवन मूल्यों पर आधारित प्रेरक संदेश भी दिए गए। जिला प्रशासन, आयुष विभाग, अर्हं ध्यान योग एवं सकल जैन समाज के संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह कार्यक्रम जिले के सबसे बड़े योग आयोजनों में शामिल रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।

# महाप्रभु के स्वागत में गुलाबी आभा से दमक उठा सात मंजिला नौलखी मंदिर

**गंजबासौदा।** भगवान जगन्नाथ की आगामी रथयात्रा को लेकर नगर का प्रसिद्ध सात मंजिला नौलखी मंदिर इन दिनों विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टेशन रोड स्थित यह ऐतिहासिक मंदिर रंग-रोगन और मरम्मत कार्य के बाद गुलाबी आभा से दमक रहा है। मंदिर की नई साज-सज्जा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है और सोशल मीडिया पर भी इसकी तस्वीरें चर्चा का विषय बनी हुई हैं। भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा 16 जुलाई को निकाली जाएगी। इससे पहले मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। श्रद्धालु नौलखी मंदिर को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर मानते हैं और रथयात्रा से पूर्व मंदिर को सजाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। इन दिनों मंदिर के शिखरों, खंभों, मेहराबों और प्रवेश द्वारों पर रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

# शाजापुर में उत्साह के साथ मना 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** आधुनिक दौर की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और बीमारियों से बचने का सबसे सशक्त माध्यम योग है। इसी संदेश को आत्मसात करते हुए रविवार को शाजापुर जिला मुख्यालय पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में जब हजारों हाथ एक साथ योगाभ्यास के लिए उठे, तो पूरा माहौल योगमय हो गया। इस भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने एक साथ मिलकर स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प लिया। विधायक अरुण भीमावद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर तय प्रोटोकॉल के अनुसार लोगों ने सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम और विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित मुख्य समारोह से प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण रहा।

उपस्थित जनसमूह ने बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री को सुना और उनके द्वारा दी गई योग दिवस की शुभकामनाओं व मार्गदर्शन को आत्मसात किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शाजापुर अरूण भीमावद ने कहा कि आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग किसी संजीवनी से कम नहीं है। यह केवल हमारे स्वास्थ्य को ही बेहतर नहीं बनाता, बल्कि एकाग्रता, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता को भी शिखर तक ले जाता है। उन्होंने वर्ष 2015 से शुरू हुई इस वैश्विक पहल का जिक्र करते हुए उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिन का आयोजन न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। साथ ही, उन्होंने भारतीय प्राचीन योग परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित करने और युवा पीढ़ी को इस विधा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों की जमकर सराहना की।

उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर हुए इस वृहद आयोजन में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की शानदार जुगलबंदी देखने को मिली। मंच और मैदान में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत और जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने एक साथ योग किया।